भा.वा.अ.शि.प.-वर्षा वन अनुसंधान संस्थान,जोरहाट में हिन्दी कार्यशाला का आयोजन

भा.वा.अ.शि.प.-वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट के ब्रह्मपुत्र सम्मेलन कक्ष में दिनांक 24 फरवरी, 2023 को संस्थान के नव-नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजभाषा नीति की अच्छी जानकारी दिए जाने के उद्देश्य से तथा उनके द्वारा हिन्दी में काम करने की झिझक दूर करने के लिए **"कार्यालय में राजभाषा हिन्दी का कार्यान्यवन"**विषय पर हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कनिष्ठ अनुवादक श्री शंकर शॉ ने उपस्थित सभी सहभागियों का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत करते हुए कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यशाला में संस्थान के निदेशक डॉ. राजीब कुमार बोरा, वैज्ञानिक-जी की गरिमामयी उपस्थिति प्रेरणादायी रही। उन्होंने अपने संबोधन में सभी को कार्यालयीन पत्राचार का प्रतिशत बढ़ाने का अनुरोध किया।कार्यक्रम में हिन्दी प्रकोष्ठ के केंद्रक (नोडल) अधिकारी श्री विश्वनाथ शर्मा जी ने सभी नव-नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया को सूचित किया कि कार्यालयीन कामकाज में किसी भी प्रकार की हो रही समस्या को दूर करने के लिए अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण हिन्दी प्रकोष्ठ का सहायता ले सकते है।

संस्थान की निदेशक महोदय ने हिन्दी कार्यशाला की मुख्य वक्ता सुश्री तुलसी सहरीया, सहायक प्रबंधक, सैंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, जोरहाट का फूलम गामोछा द्वारा स्वागत किया। तत्पश्चात्, हिन्दी कार्यशाला में विशेषज्ञ (वक्ता) को व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया। अपने व्याख्यान में सुश्री तुलसी सहरीया जी ने राजभाषा हिन्दी ही क्यों? राजभाषा के संवैधानिक प्रावधान, राजभाषा अधिनियम, राजभाषा नियम एवं वार्षिक कार्यक्रम आदि की विस्तृत चर्चा की।

व्याख्यान के पश्चात् राजभाषा से संबंधित प्रश्नों पर चर्चा की गई तथा विशेषज्ञ वक्ता ने सभी प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिए। कार्यशाला में कुल 10 अधिकारीगण एवं 30 कर्मचारीवृंद उपस्थित रहें।

कार्यशाला का सफल समापन उपस्थित संस्थान के निदेशक महोदय,विशेषज्ञ (वक्ता), प्रभागाध्यक्षों सहित नव-नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

বৰ্ষা অৰণ্য গৱেষণা প্ৰতিষ্ঠান
वर्षा वन अनुसंधान संस्थान
RAIN FOREST RESEARCH INSTITUTE
Indian Council of Forestry Research & Education

বৰ্ষা অৰণ্য গৱেষণা প্ৰতিষ্ঠান
वर्षा वन अनुसंधान संस्थान
DIRECTOR

বৰ্ষা অৰণ্য গৱেষণা প্ৰতিষ্ঠান
वर्षा वन अनुसंधान संस्थान
RAIN FOREST RESEARCH INSTITUTE
Indian Council of Forestry Research & Education
Ministry of Environment, Forest & Climate Change, Govt. of India
Jorhat, Assam
DIRECTOR

Indian Council of Fores
Ministry of Environment, Fores
Jorha
DIRECTOR